

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

शुक्रवार, दिनांक–29 नवम्बर, 2024 ई०।

संख्या–05

**माननीय अध्यक्ष, श्री नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.20 बजे पूर्वाह्न तक**

[1] प्रश्नकाल :–

(i) 05 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
(ii) 02 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
(iii) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।
(iv) 156 तारांकित प्रश्न अनागत।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी मांग को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गये।

आसन द्वारा बार–बार विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने–अपने स्थान पर बैठ जाने एवं प्रश्नकाल चलने देने का अनुरोध किया गया परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही 02:00 बजे अपराह्न तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 04:50 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

[2] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :–**

1. माननीय उपमुख्यमंत्री–सह–प्रभारी मंत्री, वाणिज्य–कर विभाग, श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा बिहार कराधान विवादों का समाधान अधिनियम, 2024 के अंतर्गत निर्गत अधिसूचना संख्या–एस0ओ0–450, दिनांक–12.09.2024 की प्रति को सभा मेज पर रखा गया।
2. माननीय उपमुख्यमंत्री–सह–प्रभारी मंत्री, वाणिज्य–कर विभाग, श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा बिहार मुल्यवर्द्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा–99 के तहत अधिसूचना संख्या–एस0ओ0–358, दिनांक–08.08.2024 एवं एस0ओ0–452, दिनांक–03.10.2024 की एक–एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

   आसन द्वारा इसे चौदह दिनों तक सभा पटल पर रखे जाने की घोषणा की गयी।
3. माननीय उपमुख्यमंत्री–सह–प्रभारी मंत्री, वाणिज्य–कर विभाग, श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा बिहार माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा–166 के तहत अधिसूचना संख्या– एस0ओ0–245,

246, 247, दिनांक–15.07.2024; एस0ओ0–445, 446, 447, 448, दिनांक–04.09.2024; एस0ओ0–449, दिनांक–06.09.2024; एस0ओ0–451, दिनांक–12.09.2024; एस0ओ0–455, 456, 457, 458, 459, दिनांक–09.10.2024; एस0ओ0–460, दिनांक–30.10.2024 एवं एस0ओ0–483, दिनांक–11.11.2024 की एक–एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

आसन द्वारा इसे तीस दिनों तक सभा पटल पर रखे जाने की घोषणा की गयी।

4. माननीय मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा बिहार स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण सेवा (संशोधन) नियमावली, 2024 (अधिसूचना संख्या–6106, दिनांक–25.10.2024) की प्रति को सभा मेज पर रखा गया।
5. माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, श्री नीतीन नवीन द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा–395 के तहत् पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के वित्तीय वर्ष क्रमशः 2019–2020, 2020–2021 एवं 2022–2023 के वार्षिक प्रतिवेदनों की एक–एक प्रति का सभा मेज पर रखा गया।
6. माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री सुनील कुमार द्वारा बिहार राज्य उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक (नियुक्ति, स्थानांतरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त्त) नियमावली, 2021; बिहार राज्य उच्च माध्यमिक विद्यालय प्राधानाध्यापक (नियुक्ति, स्थानांतरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त्त) (संशोधन) नियमावली, 2023; बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक (नियुक्ति, स्थानांतरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त्त) नियमावली, 2023 एवं बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक (नियुक्ति, स्थानांतरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त्त) (संशोधन) नियमावली, 2024 की एक–एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।
7. माननीय प्रभारी मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा बिहार राजकीय अम्बेडकर आवासीय विद्यालय अध्यापक (नियुक्ति, प्रोन्नति, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त्त) नियमावली, 2023 की प्रति को सभा मेज पर रखा गया।
8. माननीय प्रभारी मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा–395 के तहत् बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम लिमिटेड के वित्तीय वर्ष 2016–2017 के वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया।
9. माननीय सभापति, पर्यटन उद्योग संबंधी समिति, श्री सत्यदेव राम द्वारा पर्यटन उद्योग संबंधी समिति का चतुर्थ प्रतिवेदन की एक प्रति को सभा मेज़ पर रखा गया।

**[3] <u>यचिकाओं का उपस्थापन</u> :–**

सभा सचिव द्वारा कुल 100 याचिकाओं का उपस्थापन सदन पटल पर किया गया।

**[4] <u>गैर सरकारी संकल्प</u> :–**

(i) 04 गैर सरकारी संकल्प सदन से स्वीकृत
(ii) 02 गैर सरकारी संकल्प सदन से अस्वीकृत
(iii) 87 गैर सरकारी संकल्प सदन से वापस
(iv) 05 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ठ

गैर सरकारी संकल्प संख्या–54 के निस्तारण के दौरान आसन द्वारा सदन की सहमति से सदन की अवधि निर्धारित कार्यवाही की समाप्ति तक विस्तारित करने की घोषणा की गयी।

**[5] <u>समापन भाषण</u> :–**

यथा संलग्न।

तत्पश्चात् बिहार राज्य गीत के उपरान्त सभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–29.11.2024

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।